हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 5 सितंबर 2025





प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
सत्र - 2025-26
B.Ed. काउंसलिंग से प्रवेश
B.Ed | BCA | PGDCA
DCA | B.P.Ed. | B.P.E.S
B.COM | B.Sc [CS/IT]
PG Diploma in yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 9926162830

**मांग : मितानिनों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जमकर की नारेबाजी**

# मितानिनों ने किया 4 घंटे तक चक्काजाम महानदी पुल पर लगी वाहनों की लंबी कतार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

रायपुर-गरियाबंद जिले को जोड़ने वाली राजिम महानदी पुल में गुरूवार को मितानिन बहने अपनी मांगों को लेकर पुल में बैठ गई और चक्काजाम करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। सुबह 10:30 बजे से शुरू हुआ यह चक्काजाम दोपहर 2:30 बजे तक चलता रहा। इस दौरान नेशनल 130 पर लंबा जाम लग गया। मितानिनों के चक्काजाम को देखते हुए राजिम एसडीएम विशाल महाराणा और टीआई अमृत लाल साहू पुलिस फोर्स के साथ पूरे समय पुल में ही मौजूद रहे। चक्काजाम के वक्त आने-जाने वाले दुपहिया सवारों से काफी हो हुज्जत होती रही। लोग गाड़ी आगे बढ़ाते तो मितानिने पूरी ताकत के साथ उन्हें रोकते हुए नजर आते थे। इस दौर में एंबुलेंस वाहनों को जाने दिया गया जिसमें गंभीर मरीज और डिलीवरी के लिए महिलाएं सवार थी। एक समय ऐसा भी आया जब प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला आटो में सवार होकर पुल में पहुंची तो इसे सवारी वाला आटो समझकर रोक दिया गया। मितानिन बहनों को समझाया कि इस आटो में प्रसव पीड़ित महिला सवार है और उसे अस्पताल तक जाने दें। मितानिने मान गई फिर वह आटो अस्पताल के लिए आगे बढ़ गई।

### तीन प्रमुख मांगें

1. मितानिनों को 50 प्रतिशत क्षतिपूर्ति राशि दी जाए।
2. उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलियन कर ठेका प्रथा को खत्म किया जाए।
3. मितानिनों को स्थायी कर्मचारी का दर्जा मिले।

- मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। प्रशासन द्वारा मितानिनों को रायपुर जाने से रोके जाने के कारण यह आंदोलन और भी उग्र होता दिख रहा है।



### वाहन चालकों को करना पड़ा अतरिक्त सफर

इस तरह से करीब 4 घंटे तक लोग चक्काजाम में काफी परेशान रहे। गनीमत था कि गरियाबंद-फिंगेश्वर-महासमुंद की ओर से आने वाली वाहनों को चौबेबांधा मार्ग-नया मेला मैदान की ओर से नवापारा और रायपुर जाने के लिए डायवर्ट किया जाता रहा। ठीक इसी तरह रायपुर की ओर से आने वाली वाहनों को बस स्टैण्ड नवापारा तथा पुल के पहले इंदिरा मार्केट होते हुए सोमवारी बाजार की ओर से नवागांव होते हुए राजिम की ओर डायवर्ट किया गया। जिससे वाहन चालकों को अतिरिक्त 5-7 किमी का चक्कर लगाना पड़ा। बता दें कि चक्काजाम करने का इनका समय ऐसा था कि लोग इसी समय दफ्तर में या सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में काम पर जाते है जो एक तरह से मुसीबत बन गई। प्रशासन और पुलिस द्वारा चक्काजाम को रोकने की भरपूर कोशिश की गई लेकिन आक्रोशित मितानिन बहने नहीं सुनी। अपनी मांगों को लेकर हल्ला बोल करते रहे।

## मितानिनों को रोके पर फूटा गुस्सा, किया चक्काजाम

**मैनपुर।** रायपुर में हो रहे बड़े प्रदर्शन में शामिल होने जा रही मैनपुर विकासखंड की मितानिनों को गुरुवार को पुलिस प्रशासन द्वारा कई जगहों पर रोका गया। उरमाल, धुरवागुड़ी, गोहरापदर और मैनपुर में रोके जाने से गुस्साए मितानिनों ने नेशनल हाईवे 130C पर धवलपुर में चक्काजाम कर दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। 4 सितंबर को, रायपुर के तुता में मितानिनों का एक बड़ा धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया था। इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए मैनपुर और देवभोग क्षेत्र से करीब तीन दर्जन वाहन मितानिनों को लेकर रायपुर के लिए रवाना हुए थे। लेकिन पुलिस प्रशासन ने उन्हें बार-बार रोका, जिससे वे भड़क गईं और मैनपुर से 10 किलोमीटर दूर धवलपुर में हाईवे पर बैठकर प्रदर्शन करने लगीं। इस चक्काजाम से सड़क पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया और कई वाहन फंस गए। मितानिन बहनों का कहना था कि अपनी जायज मांगों को रखने के लिए उन्हें रायपुर जाने का अधिकार है और उन्हें रोकना अन्याय है। स्थिति को बिगड़ता देख एसडीएम तुलसीदास मरकाम और थाना प्रभारी समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और मितानिनों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़ी रहीं और लगातार नारेबाजी करती रहीं। दोपहर बाद अधिकारियों से बातचीत के बाद उन्होंने चक्काजाम खत्म किया, जिसके बाद यातायात फिर से सामान्य हो सका। यह उल्लेखनीय है कि मितानिनें लंबे समय से मानदेय वृद्धि, स्थायीकरण और अन्य सुविधाओं को लेकर संघर्ष कर रही हैं। इसी को लेकर रायपुर में बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया गया था। एनएचएम (नेशनल हेल्थ मिशन) के कर्मचारी भी लंबे समय से हड़ताल पर हैं, जिससे गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं और लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

## मितानिनों का चक्काजाम, जमकर नारेबाजी की

**पाण्डुका।** अपनी मांगों को लेकर राज्य की मितानिनों ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को गरियाबंद-देवभोग मार्ग पर स्थित नेशनल हाईवे 130सी पर करीब 1,000 मितानिनों ने चक्काजाम कर दिया, जिससे पोंड और पाण्डुका के बीच का मार्ग पिछले तीन घंटों से पूरी तरह अवरुद्ध है। प्रदर्शनकारी मितानिनों ने सड़क पर बैठकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनके इस प्रदर्शन से हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, मितानिन संगठनों ने मानवीयता दिखाते हुए एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाओं को रास्ता दिया। मितानिन संगठनों का आरोप है कि उन्हें रायपुर में होने वाले एक बड़े प्रदर्शन में शामिल होने से प्रशासन रोक रहा है, जिसके कारण उन्होंने यहीं प्रदर्शन करने का फैसला किया।





### खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार ट्रक से गिरे धान के बोरे, राहगीर उठाकर ले गए



**फिंगेश्वर।** नगर में इन दिनों वाहनों की तेज रफ्तार आम लोगों के लिए खतरा बनती जा रही है। 4 सितंबर को दोपहर में रिंग रोड पर इसका एक उदाहरण देखने को मिला, जब एक तेज रफ्तार धान से भरे ट्रक से एक के बाद एक बोरे सड़क पर गिरते चले गए। गनीमत रही कि जिस जगह पर यह घटना हुई, वहां उस समय कोई मौजूद नहीं था, वरना कोई भी राहगीर या वाहन इन बोरों की चपेट में आकर हादसे का शिकार हो सकता था। ट्रक इतनी तेजी से जा रहा था कि चालक को इस बात का पता ही नहीं चला कि उसके वाहन से बोरे गिर रहे हैं। वहीं, सड़क पर गिरे धान के बोरे देखकर राहगीरों ने इसका फायदा उठाया और अपने कंधों पर उठाकर ले गए। इस घटना ने एक बार फिर नगर में वाहनों की बेलगाम रफ्तार को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### राज्यपाल के हाथों सम्मानित होंगे शिक्षक गोपाल यादव

**नवापारा-राजिम।** शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य एवं सेवाओं के लिए राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेश के कुल 64 शिक्षकों का चयन हुआ है जिसमें नवापारा के आदर्श शासकीय नवीन प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक गोपाल यादव भी शामिल है। इन्हें राजभवन रायपुर में आज 5 सितंबर शुक्रवार को महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के कर कमलो से सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि इसके पूर्व श्री यादव को मुख्यमंत्री शिक्षादूत गौरव अलंकरण शिक्षा दूत पुरस्कार एवं कलेक्टर रायपुर द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा कला संस्कृति अग्रदूत अवॉर्ड प्राप्त हुआ है।



### बाबाकुटि में पंचायत सचिवों की बैठक आज

**फिंगेश्वर।** विकासखंड फिंगेश्वर के पंचायत सचिवों की बैठक 5 सितंबर को समय 11 बजे बवाकुटी आश्रम में रखा गया है। जिसमें विकासखंड के सभी सचिवों को सचिव संघ के अध्यक्ष गोविंद साहू ने आमंत्रित किया गया है।

### सात को पितृपक्ष की पूर्णिमा और चंद्र ग्रहण के साथ कर सकेंगे श्राद्ध व तर्पण

**रसेला।** पितृपक्ष हर वर्ष भाद्रपद पूर्णिमा से शुरू होकर अमावस्या तक 16 दिनों तक चलता है। इन दिनों में पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण, श्राद्ध और दान पुण्य करने के लिए बेहद पवित्र माना जाता है। इस वर्ष 7 सितंबर को पितृपक्ष की पूर्णिमा का श्राद्ध किया जाएगा। इस दिन चंद्रग्रहण भी है। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि चंद्रग्रहण भारत में भी दिखाई देगा, जिस वजह से सूतक काल मान्य होगा। सूतक काल के दौरान किसी भी तरह के धार्मिक कार्य नहीं किए जाते हैं। सूतक लगने से पहले कर लें श्राद्ध, तर्पण - पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण, श्राद्ध और दान पुण्य किया जाता है।

## पुलिस ने लूट के मामले में तीन आरोपियों को दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छुरा पुलिस ने लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लूटा गया मोबाइल और घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

ग्राम खुडियाडीह के रहने वाले डालसिंग सेन (32) ने छुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 2 सितंबर की शाम करीब 6:30 बजे, जब वे ग्राम परसदा से खुडियाडीह जा रहे थे, तो परसदा हॉस्टल के पास हनुमान मंदिर के पास एक युवक ने उनसे लिफ्ट मांगी। जब उन्होंने बाइक रोकी, तो उसने अचानक चाबी छीन ली। उसी समय जंगल से तीन और युवक बाहर आए और उनका टेक्नो कंपनी का मोबाइल फोन लूटकर भाग गए। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए, छुरा पुलिस ने तुरंत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस को पता चला कि आरोपी लूटा हुआ मोबाइल बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी करके तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान, उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कैलाश साहू, उम्र 20 वर्ष, निवासी कनेकेरा, जिला महासमुंद। लक्ष्मण साहू, उम्र 21 वर्ष, निवासी रजकट्टी, जिला गरियाबंद। मुकेश टाण्डेकर, उम्र 20 वर्ष, निवासी नवाडीह, जिला गरियाबंद। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा हुआ मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है।

## जेसीबी से नहर काटा होगी कड़ी कार्रवाई

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर खरीफ सीजन में किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने जल संसाधन विभाग सक्रिय हो गया है। कार्यपालन अभियंता एसके बर्मन के मार्गदर्शन में फिंगेश्वर वितरक शाखा नहर से पानी छोड़ा गया, जो लगातार निगरानी और मैदानी कर्मचारियों के प्रयासों से अंतिम छोर के ग्राम पाली, पेंड्रा, रोबा और सिर्रीकला तक पहुंचाया गया। छुरा एसडीओ युवराम सिन्हा, पांडुका एसडीओ पांडोरिया, उप अभियंता विकास ध्रुव, दुर्गेश सोनकर, सहायक अभियंता प्रतिक पटेरिया, नारद सिन्हा, आशा गुप्ता सहित समयपालक और मैदानी कर्मचारी लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। इससे किसानों को खरीफ फसलों की सिंचाई में सीधा लाभ मिल रहा है। निरीक्षण के दौरान ग्राम बेलर में ग्रामीण तीरथ राम साहू द्वारा जेसीबी से नहर काटने का मामला सामने आया। बताया गया कि उन्होंने आर.डी. 20340 मीटर पर नहर को क्षतिग्रस्त कर पानी के प्रवाह में अवरोध उत्पन्न किया। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की समझाइश के बाद भी उन्होंने शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। जल संसाधन विभाग ने स्पष्ट किया है कि नहर काटकर अवरोध उत्पन्न करने की यह कार्रवाई गंभीर अपराध है। दोषी के विरुद्ध सिंचाई अधिनियम की धारा 94 के तहत कानूनी कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। कलेक्टर ने कहा कि खरीफ सीजन में किसी भी परिस्थिति में किसानों की सिंचाई बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सतत निगरानी करने और नहरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## धान फसलों में बढ़ा कीट प्रकोप, कृषि विभाग ने नियंत्रण के लिए दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल सहित क्षेत्र में इस समय धान के फसलों पर कई तरह तरह के कीट प्रकोप होने से कृषि विभाग ने कीट प्रकोप के नियंत्रण के लिए कीटनाशक दवा उपयोग की सलाह दी गई है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने बताया कि धान में लगने वाले प्रमुख रोग एवं उनके रोकथाम के लिए जानकारी दी गई है। जो इस प्रकार के है, ब्लास्ट रोग यूरिया की अधिक मात्रा में उपयोग करने और मौसम में अचानक बदलाव होते से फैलता है। इसकी रोकथाम के लिए ट्राइसासाइक्लाजोल 120 ग्राम प्रति एकड़ या आइसोप्रोथीयोलोन 40 प्रतिशत 300 मिली प्रति एकड़ या टेबुकोनाजोल व ट्राईफ्लोक्सीस्ट्रोबिन 25 प्रतिशत 100 मिली ग्राम प्रति एकड़ का 150 -200 लीटर पानी के साथ छिड़काव करना चाहिए। इस तरह भूरा धब्बा रोग, पोषक तत्व की कमी वाले खेत में अधिक होता है, पत्ती पर भूरे रंग के धब्बे बन जाते हैं। रोकथाम के लिए प्रोपिकोनाजोल या टेबुकोनाजोल व ट्राईफ्लोक्सीस्ट्रोबिन का 100 ग्राम प्रति एकड़ के साथ दवाई छिड़काव कीजिए। शीथ ब्लास्ट के लिए हेक्साकोनाजोल या ज्यादा प्रकोप होने पर एजोक्सीएट्रोबिन+ डाईफपलोक्सीस्ट्रोबिन का छिड़काव करें। बैक्टिरियल लीफ ब्लास्ट इसमें पत्ती ऊपर से सूखना शुरू होता है इसके रोकथाम के लिए स्ट्रपटोसाइक्लिन 6 ग्राम+ कापर दोनों को मिलाकर छिड़काव करें। साथ ही साथ सभी दवाई के साथ एंटीबायोटिक दवाई वेलिडामाइसिन 500 मिली ग्राम प्रति एकड़ के साथ छिड़काव कीजिए। और किट गई, तना छेदक, पत्ती लपेटक कीट की रोकथाम के लिए साईपरमेटरिन या प्रोफेनोफास 40 मिली ग्राम प्रति स्प्रेयर का छिड़काव करना चाहिए। गाभोट अवस्था में बोरोन 15 मिली ग्राम प्रति स्प्रेयर का छिड़काव करना चाहिए। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि जिस किसान को कीट प्रकोप या कीटनाशक दवा के बारे में अधिक जानकारी के लिए मुझे संपर्क कर सकते हैं।



**स्कैन करते ही कार्यों की सूची, कार्य पर खर्च, भुगतान के लेखा-जोखा की मिलेगी जानकारी**

# क्यूआर कोड से मिलेगी मनरेगा की पूरी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

मनरेगा के काम में पारदर्शिता लाने और योजना की पूरी जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए जनपद पंचायत ने एक बड़ी पहल की है। अब हर ग्राम पंचायत भवन और गांव में प्रमुख स्थानों पर क्यूआर कोड लगाया जाएगा जिसके माध्यम से ग्रामीण घर बैठे गांव में मनरेगा के तहत तीन वर्षों में हुए विकास कार्यों की पूरी जानकारी देख सकेंगे। जानकारी के अनुसार क्यूआर कोड स्कैन करते ही मनरेगा के तहत कराए गए सभी कार्यों की सूची, कार्य पर खर्च, भुगतान का लेखा-जोखा और धनराशि का उपयोग कहां हुआ और किसके हाथ में पहुंचा यह स्पष्ट जानकारी सभी को मिल सकेगी। प्रशासन का यह कदम जनहित और डिजिटल पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। जानकारी के अनुसार कलेक्टर के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कामकाज में में पारदर्शिता लाने के लिए क्यूआर कोड लॉच किया गया है।

### मनरेगा के काम में आएगी पारदर्शिता

जिला पंचायत की सीईओ ने बताया कि क्यूआर कोड प्रणाली से आम लोगों को योजना से जुड़ी हर जानकारी तत्काल और पारदर्शी तरीके से मिलेगी। जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों के विशेष क्यूआर कोड तैयार किया गया है। जनपद पंचायत की सीईओ -सतीश चंद्र बंशी, परियोजना अधिकारी रमेश कव र ने बताया कि अगले 2 दिनों में सभी पंचायत भवनों में कोड़ चस्पा कर दिया जाएगा। ग्रामीण अपने मोबाइल से कोड को स्कैन करके पिछले. तीन वर्षों के सभी स्वीकृत कार्यों का ब्यौरा प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल ग्रामीणों को योजना की सीधे निगरानी करने का अधिकार देती है, जिससेपारदर्शिता बढ़ेगी। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को सीधे तौर पर योजना की निगरानी करने में सक्षम बनाना है, ताकि जवाबदेही बढ़े। सरकार की इस पारदर्शिता ने मनरेगा कार्यों को जनता के लिए पूरी तरह खुला और सुलभ बना दिया है। अब कोई भी ग्रामीण. जान सकेगा कि उसके गांव के विकास कार्यों में एक-एक रूपए का उपयोग कैसे हो रहा है। इससे न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा, बल्कि योजनाओं पर जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। इस नवाचार से अब गांव के लोग केवल दर्शक नहीं, बल्कि अपने गांव के विकास की असली निगरानी करने वाले साबित होंगे। पंचायत स्तर पर तकनीक का यह उपयोग ग्रामीणों को नई ताकत देगा। अब विकास का हिसाब हर किसी की नजरों के सामने होगा।

## उर्वरक गोदाम को सील किया गया



**छुरा।** छुरा में स्थित मेसर्स बलराम कृषि केंद्र को उर्वरक बिक्री में अनियमितता के चलते आगामी आदेश तक सील कर दिया गया है। यह कार्रवाई अनुविभागीय कृषि अधिकारी सीमा करचाम और वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भावेश कुमार शांडिल्य के संयुक्त निरीक्षण के बाद की गई है। अधिकारियों ने बताया कि पहले भी इस कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया था, जिसके बाद इसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। लेकिन, कारोबारी की ओर से न तो संतोषजनक जवाब दिया गया और न ही अनियमितताओं को दूर किया गया। इसके अलावा, निरीक्षण के दौरान कारोबारी ने अधिकारियों का सहयोग भी नहीं किया।

यह कार्रवाई उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 का स्पष्ट उल्लंघन है। इसी कारण, दुकान को नोटिस देकर उर्वरक की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। साथ ही, पंचनामा तैयार कर उर्वरक गोदाम को भी सील कर दिया गया है।

**खबर संक्षेप**


## हरदी में विकास समिति की बैठक आयोजित



**छुरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी संकुल केन्द्र-छुरा में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का बैठक रखा गया। जिसमें बैठक के ऐजेन्डा के रूप में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा विद्यालय की गेटों की ताला तोड़ने व भूतपूर्व प्रधान पाठक सुखेश्वर राम पंकज की विदाई समारोह के संबंध में चर्चा व कार्यवाही किया गया जिसके अन्तर्गत सर्वसम्मति से प्रधान पाठक सुखेश्वर राम पंकज की विदाई देने व विद्यालय में चोरी करने के उद्देश्य से ताला तोड़ने वाले अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने पर प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष चम्पा बाई कंवर, उपाध्यक्ष संतराम कंवर, सरपंच गोमती ध्रुव, उपसरपंच एवं उपसरपंच संघ के अध्यक्ष रुपनाथ बंजारे, भूतपूर्व सरपंच संतुराम ध्रुव, लखन लाल तिवारी, रोहित तारक, मेघ सिंह कंवर, भारत साहू, केशव कंवर, हेमसिंग, मीरा कंवर, लता बाई कंवर, सावित्री कंवर, खेम बाई, शांतिप्रभा मिंज, धनेश्वरी मार्कण्डेय, रूपसिंह ध्रुव, सुदामा प्रसाद लोधी, तोमेश साहू उपस्थित रहे।

## नगर के एकता चौक पर विराजे गणपति

**फिंगेश्वर।** नगर में युवाओं द्वारा गणेश उत्सव बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया जा रहा है। एकता चौक में बाल गणेश की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है, जहाँ सुबह-शाम होने वाली आरती और पूजा में आस-पास के महिला-पुरुष, युवक-युवती बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। इस आयोजन में एकता चौक बाल गणेश समिति के सदस्य और मोहल्ले के सभी युवा सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से नारायण सोनकर, विपिन साहनी, गौरव श्रीवास्तव, आर्य हरित, हिमालय यदु, आशीष यदु, अनिरुद्ध हरित, सूर्यांश कश्यप, गर्व सोनकर, उज्ज्वल यदु, भोलू साहनी, सागर देवांगन, नागेंद्र यदु, मुक्कू सेन, सेवक सेन, सोहन, नवीन, सागर, योगेश, अमित, यश हरित, शौर्य हरित, दादू निषाद, चिंटू यदु, पिंटू सोनकर, लाली निर्मलकर, श्रेयांश यदु, जतिन यदु, पुरुषोत्तम साहू, नंदू, प्रीतम, और दादू यादव शामिल हैं।




विरोध : एनएचएम कर्मियों ने बर्खास्तगी नोटिस की प्रतियां जलाकर जताया आक्रोश

# बर्खास्तगी की नोटिस पर एनएचएम कर्मियों का फूटा गुस्सा, दिया सामूहिक इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी-कर्मचारी सरकार की कार्रवाई से बुरी तरह नाराज हो गए हैं। बर्खास्तगी के विरोध में गुरुवार को गरियाबंद में सैकड़ों कर्मी सड़क पर उतरे। तिरंगा चौक पर प्रदर्शन कर पुतला दहन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी आंदोलनकारी सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे, जहां करीब 450 कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया।

दरअसल, एनएचएम कर्मी 18 अगस्त 2025 से अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सरकार ने 10 में से 5 मांगें मान ली थीं, लेकिन बाकी मुद्दों पर सहमति न बनने से हड़ताल जारी रही। इसी बीच सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए 25 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। इससे आक्रोशित होकर प्रदेशभर के 16 हजार कर्मियों ने गुरुवार को सामूहिक इस्तीफा देने का निर्णय लिया। कर्मचारी संघ के अमृत राव भोसले ने कहा कि





### आंदोलन जारी रहेगा

संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक सभी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन और तेज किया जाएगा। गरियाबंद में कर्मियों ने बर्खास्तगी के आदेशों की प्रतियां जलाकर सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया और मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया।

"बर्खास्तगी के डर से आंदोलन खत्म नहीं होगा। लड़ाई जारी रहेगी। बातचीत के दौरान बर्खास्तगी का आदेश आना बेहद शर्मनाक है। एनएचएम अधिकारी–कर्मचारी संघ ने प्रेस नोट जारी कर सरकार पर दमनकारी रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। प्रेस नोट में लिखा गया आंदोलन के दौरान चेतावनी पत्र और बर्खास्तगी के आदेश जितनी तेजी से भेजे जा रहे हैं, अगर उतनी ही गंभीरता से मांगों पर विचार होता तो आज यह स्थिति नहीं आती। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सुबह प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील की और शाम तक कर्मचारियों को बर्खास्तगी के आदेश जारी कर दिए गए।

# राजिम में मनाया गया जल क्रीड़ा उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भाद्रमास की अंतिम एकादशी पर पावन त्रिवेणी संगम में परंपरागत जल क्रीड़ा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्री राजीव लोचन श्रीकुंड से डोला यात्रा कर त्रिवेणी संगम स्थित कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंचे और वहाँ भगवान कुलेश्वरनाथ के साथ परंपरागत जल क्रीड़ा की। इसके उपरांत भगवान पुनः श्रीकुंड स्थित अपने मंदिर वापस लौट आए। किंवदंती के अनुसार प्राचीन समय में भगवान राजीवलोचन नवका विहार करते हुए त्रिवेणी संगम पहुँचकर भगवान कुलेश्वरनाथ के साथ जल क्रीड़ा करते थे। उस समय नाविक के रूप में निषादराज भगवान के साथ होते थे। उसी परंपरा का निर्वाह आज भी किया जाता है, जिसमें निषाद समाज के लोग भगवान को डोली में बिठाकर त्रिवेणी संगम तक पहुँचाते हैं। पुजारी सर्वराकार राजू ठाकुर व शिवकुमार ठाकुर ने बताया कि वर्षा ऋतु की अंतिम बाढ़ में जैसे बच्चे रेत-मिट्टी व जल में खेलते हैं, उसी तरह भगवान को भी खीरा, ककड़ी और तोरई से सजाकर जलक्रीड़ा कराई जाती है। इस दौरान मंदिर परिसर व मार्ग को कमल पत्र से सजाया गया। कार्यक्रम में पुजारी तुषार ठाकुर, नरेंद्र सिंह, आमोद-प्रमोद ठाकुर, सनत ठाकुर, मोहन योगी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं डोला यात्रा को निषाद समाज के परदेशी निषाद, गोपाल निषाद, राजू निषाद व सुदामा निषाद ने पारंपरिक ढंग से सम्पन्न कराया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू तथा भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा भी शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम पर स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# रसेला में भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता 6 सितंबर को



**रसेला।** विघ्नहर्ता के अनंत चतुर्दशी तिथि दिन शनिवार 6 सितंबर को राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह प्रतियोगिता हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया जाएगा। जिसमे सामुहिक वर्ग में प्रथम ईनाम 10,000 रूपए लेखराज ध्रुवा सभापति जि. पंचा. गरियाबंद , द्वितीय 7,000 रुपए सुखराम ठाकुर, सभापति जनपद पंचायत छुरा , तृतीय 5,001 रुपए परमेश्वर यादव उपसरपंच रसेला, चतुर्थ 3,001 रुपए शिवशंकर जायसवाल अध्यक्ष भाजपा मंडल द्वारा प्रदान किया जाएगा तथा इसका प्रवेश शुल्क 150 रुपए रखा गया है। इसी तरह युगल डांस वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5,001 रुपए सभी गणेश समिती, द्वितीय 4,001 रूपए श्री बालाजी ज्वेलर्स/फर्नीचर्स रसेला, तृतीय 3001 रूपए मेघा वस्त्रालय रसेला, चतुर्थ 1,001 रुपए धनेश्वर दास मानिकपुरी द्वारा प्रदान किया जाएगा, इसका प्रवेश शुल्क 100 रुपए रखा गया है। एकल वर्ग में प्रथम पुरस्कार 2,501 रुपए कोमर्रा टेंट हॉउस रसेला, द्वितीय 2,001 रुपए मुस्लिम जमात रसेला, तृतीय 1,001 रूपए भानुप्रताप कोमर्रा, चतुर्थ ईनाम 501 रूपए असवंत सेन फड़ मुशी रसेला द्वारा प्रदान किया जाएगा,इसका प्रवेश शुल्क 50 रुपए है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपना पैनड्राइव एवं चिप साथ में लावें तथा पंजीयन क्रमांक के आधार पर प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतियोगिता में सभी नियम एवं शर्तें लागू होगी तथा समिति का निर्णय सर्वमान्य रहेगा। मंच संचालक का पुराणिक नागेश और राघवेन्द्र यादव द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जागृति नवयुवक मंडल के सदस्यगण एवं समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

# एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चमन यादव ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के हड़ताली कर्मचारियों के प्रति सरकार के रवैये की आलोचना की है। उन्होंने 18 अगस्त 2025 से हड़ताल पर बैठे एनएचएम के 25 कर्मचारियों को बर्खास्त करने के सरकार के फैसले को अन्यायपूर्ण बताया है। यादव ने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल से अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं और मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपनी मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें नौकरी से निकाल रही है, जो यह दर्शाता है कि सरकार छत्तीसगढ़ की जनता के स्वास्थ्य के प्रति कितनी लापरवाह है। उनका आरोप है कि सरकार निजी अस्पतालों को बढ़ावा देना चाहती है।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य जांच की मशीनों और दवाइयों की कमी है, और घटिया दवाइयों की आपूर्ति की जा रही है, जिसके मामले लगातार सामने आ रहे हैं।



### सरकारी अस्पतालों में रिक्त पदों का मुद्दा

*चमन यादव ने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली को उजागर करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के 10 मेडिकल कॉलेजों में 642 प्रोफेसरों के पद खाली हैं। राजधानी के मेकाहारा अस्पताल में लगभग 50 डॉक्टरों के पद रिक्त हैं। सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट कहे जाने वाले डीकेएस सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में एक भी डॉक्टर नियमित नहीं है। एमआरआई, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी और ब्लड टेस्ट जैसी सभी सेवाएं आउटसोर्सिंग के माध्यम से दी जा रही हैं। यादव ने 80 करोड़ की एक मशीन के आउटडेटेड होने और स्वास्थ्य मंत्री द्वारा 40 करोड़ के नए टेंडर जारी करने पर भी सवाल उठाया और पूछा कि क्या सरकार को पहले से इस बारे में जानकारी नहीं थी। यादव ने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी 4 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने जा रहीं मितानिनों का पूरा समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि जब तक मितानिनों की मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक आम आदमी पार्टी उनके साथ रहेगी। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह जल्द से जल्द कर्मचारियों की मांगों को पूरा करे, ताकि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य हो सकें।*

## मितानिनों की हड़ताल जारी, मोदी गारंटी पूरा करने की मांग



**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ में अपनी मांगों को लेकर मितानिन कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर हड़ताल शुरू कर दी है। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चुनाव में किए गए वादों को पूरा करने की मांग की। हड़ताल के दौरान मितानिनों ने वादा खिलाफी बंद करो, मोदी गारंटी पूरा करो जैसे नारे लगाए। मितानिन संघ की ब्लॉक समन्वयक नितु तिवारी और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि चुनाव के समय किए गए वादे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। उनका कहना है कि वे सालों से गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं दे रही हैं, लेकिन सरकार उनकी उपेक्षा कर रही है। मितानिनों की प्रमुख मांगों में मानदेय में वृद्धि, नियमितीकरण और सामाजिक सुरक्षा लाभ शामिल हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

मितानिनों की हड़ताल का असर गांवों में साफ दिखाई दे रहा है। कई जगहों पर प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण और सामान्य स्वास्थ्य परामर्श जैसी सेवाएं ठप हो गई हैं। ग्रामीणों ने चिंता जताई है कि यदि हड़ताल लंबी चली तो बच्चों और गर्भवती महिलाओं की देखरेख पर गंभीर असर पड़ेगा। गांव की महिलाओं ने कहा कि मितानिनें उनकी पहली मददगार होती हैं और उनके बिना वे बहुत परेशान हैं। हड़ताल में छुईहा, चरौदा, जमाही, कुण्डेल, बेलर, सेंदर, खूटेरी, बोड़की और बिजली की मितानिनें शामिल हैं।







प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

**खबर संक्षेप**

### विधायक जनदर्शन विभागों की उपस्थिति में किया जाए

**छुरा।** भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष उप सरपंच संघ रूप नाथ बंजारे ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने के बाद विधायक का जनदर्शन शिविर छुरा विश्राम गृह में नहीं हुआ है। बंजारे ने विधायक से मांग किया है कि पूर्व की भांति विश्राम गृह में विधायक जनदर्शन शिविर आयोजित किया जाये और सभी समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं समस्त पंचायत सरपंच, सचिव, उप सरपंच पदाधिकारियो को बुलाया जाए। जिससे विभिन्न विषयों की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से निराकरण किया जा सके।

### शिक्षक सम्मान आज

**महासमुंद।** विवेकानंद शिक्षण संस्था द्वारा संचालित ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, पदमावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा स्व. नीलकंठ राव साकरकर उमावि के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह 05 सितंबर को आयोजित है। गणेश उत्सव पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

# एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रगान के लिए चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



नगर के प्रतिष्ठित पंडित रामबिशाल पाण्डेय सेजेस के छात्र सैनिकों ने राष्ट्रगान के सम्मान में चलाया जागरूकता अभियान जिसके अंतर्गत 27 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी रायपुर के कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल प्रदीप नायर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में तथा नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव एवं पार्षदगण तथा अन्य गणमान्य नागरिकों के सहयोग से सेजेस राजिम के एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा के नेतृत्व में पंडित सुन्दरलाल शर्मा चौक बस स्टैंड राजिम पर प्रातः 8 बजे राष्ट्रगान के सम्मान में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें एनसीसी छात्र सैनिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मालूम हो कि नगर पंचायत राजिम क्षेत्र में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे राष्ट्रगान स्पीकर के माध्यम से बजाया जाता है। इस अभिनव पहल की शुरूआत 15 अगस्त,स्वतंत्रता दिवस से की गई है। इसी तारतम्य में नगर के एनसीसी कैडेट्स ने नगरवासियों एवं प्रतिदिन आने-जाने वाले राहगीरों, दुकानदारों, व्यापारियों, वाहन मालिकों एवं आसपास रहने वाले लोगों के लिए जागरूकता अभियान चलाते हुए राष्ट्रगान के सम्मान में बैनर, पोस्टर लेकर नारे लगाते हुए रैली के रूप में बस स्टैंड चौंक में एकत्रित हुए तथा चारों दिशाओं से आने वाले मार्ग को राष्ट्रगान बजते तक मानव श्रृंखला बनाकर रोका गया तथा पोस्टर के माध्यम से सावधान की मुद्रा में खड़े होकर राष्ट्रगान को सम्मान दिया। तत्पश्चात सभी ने एक स्वर में भारत माता की जय एवं जय हिन्द के नारे लगाकर संदेश दिया। साथ ही संकल्प लिया कि प्रतिदिन राष्ट्रगान बजाए जाने पर हम सभी पूरे सम्मान के साथ खड़े होकर भारतीय नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे। उपरोक्त जागरूकता अभियान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव,पार्षद भारत यादव,बलराम यादव,सुरेश पटेल, अजय पटेल ,उत्तम निषाद, नरोत्तम ठाकुर,बेरोजगार संघ के अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, गजाधर ठाकुर ,लाला साहू,पवन सोनी,भावेश ठाकुर, लिलेश्वर यादव, धर्मेंद्र शर्मा, धीरेन्द्र शर्मा, सुनील देवांगन, अरविंद शर्मा, विकास तिवारी, मोंटू दुबे सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।




# बोरिद में पंचायत सचिव की कार्यशैली पर विवाद, ग्रामीणों ने की शिकायत



**छुईहा बेलर।** फिंगेश्वर विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बोरिद के ग्रामीण पंचायत सचिव की कार्यशैली से नाराज हैं। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से कलेक्टर भगवान दास उकये और जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप को 10 बिंदुओं पर एक लिखित शिकायत सौंपी है। ग्रामीणों, सरपंच, उपसरपंच और पंचों का आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिव ईश्वरी साहू पंचायत के कामों में पारदर्शिता नहीं बरत रही हैं और जनहित से जुड़े मामलों की अनदेखी कर रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पाता है। इसके अलावा, सचिव पंचायत में अनियमित रूप से आती हैं, जिससे आम जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लगातार अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे ग्रामीणों में गुस्सा बढ़ रहा है। यह मामला तब और गरमा गया जब 23 अगस्त को सचिव ग्राम सभा की कार्यवाही को बीच में ही छोड़कर चली गईं। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव की उदासीनता के कारण गांव में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार पंचायत के चक्कर काटने पड़ते हैं।

### ग्रामीणों की मांग

शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर से मांग की है कि वर्तमान पंचायत सचिव का तुरंत तबादला किया जाए और उनकी जगह पर किसी नए सचिव की नियुक्ति की जाए, ताकि विकास कार्य बिना किसी बाधा के आगे बढ़ सकें। इस संबंध में, फिंगेश्वर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वप्निल ध्रुव ने कहा कि इस शिकायत पर जिला पंचायत गरियाबंद से मार्गदर्शन मांगा गया है।

### काम नियम से हो रहा है

वहीं, पंचायत सचिव ईश्वरी साहू ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि पंचायत के सभी काम सरकारी नियमों के अनुसार ही हो रहे हैं और ग्राम सभा में प्रस्ताव भी नियमानुसार ही पारित होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वे ग्राम सभा के एजेंडे पर चर्चा करने के बाद ही बैठक से गई थीं।




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

# आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में नवाचार व महिला सशक्तिकरण पर जोर

## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश, एनक्यूएएस केंद्रों की संख्या बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद जिले के विकास को नई दिशा देने और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के 40 संकेतकों पर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कलेक्टर बी.एस. उइके की अध्यक्षता में हुई, जिसमें नीति आयोग के राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी शिवम मिश्रा भी मौजूद थे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर नवीन भगत, और अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। नोडल अधिकारी ने एनक्यूएएस प्रमाणित स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या बढ़ाने और गर्भवती महिलाओं, शिशुओं व गंभीर मरीजों के लिए बेहतर इलाज और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान, सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया ताकि बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए स्वच्छता और सुविधा सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, शिक्षा विभाग से कहा गया कि विकलांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। इससे वे इन बच्चों की जरूरतों के अनुसार शिक्षण पद्धतियों को अपना सकेंगे।

### आजीविका और नवाचार को बढ़ावा

ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा में नोडल अधिकारी ने कहा कि गरियाबंद जिले में 100% स्व-सहायता समूहों को जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि ये समूह महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक मजबूत माध्यम हैं, जिनके जरिए सूक्ष्म उद्यम और सामूहिक व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा सकता है।बैठक में नीति आयोग की नवाचार आधारित परियोजनाओं पर भी जोर दिया गया। सभी विभागों से कहा गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसी परियोजनाओं की पहचान करें, जिनमें तकनीकी हस्तक्षेप, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग और समुदाय की भागीदारी से विकास की गति बढ़ाई जा सके।

### सामूहिक प्रयास से होगा विकास




कलेक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध और लक्ष्य-आधारित काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम केवल योजनाओं की प्रगति का लक्ष्य नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य आम जनता के जीवन स्तर में सुधार लाना है। इसके लिए योजनाओं को प्रभावी ढंग से ग्राम स्तर तक पहुंचाना और लोगों की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है। बैठक में विभिन्न विभागों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट पेश की और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। आने वाले महीनों में स्वास्थ्य केंद्रों की गुणवत्ता, आंगनबाड़ी केंद्रों का विस्तार, महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण, विशेष बच्चों की शिक्षा और नवाचार आधारित परियोजनाएं प्रशासन की मुख्य प्राथमिकताएं रहेंगी।

# छुईहा बेलर में गणेशोत्सव की धूम



गांधी चौक पतोरा



हाई स्कूल चौक सेंदर



बजरंग चौक चैतरा



सुन्दर चौक पतोरा



पतोरा



बजार चौक परसदाकला



शिव चौक बेलर



जय स्तंभ सतनामी पारा बेलर



मौली चौक बेलर



मैनपुर। बाल गणेश उत्सव समिति पोड़

## खबर संक्षेप

### रामनाम सप्ताह का हुआ समापन



**राजिम।** किसान सेवा समिति राजिम द्वारा आयोजित श्री अखंड रामनाम सप्ताह का 7 दिनों तक चलने वाला भक्तिमय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान, भक्तों ने अखंड रूप से राम नाम का जाप किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजित शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम का भव्य स्वागत किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ताराचंद मेघवानी सहित भागवत साहू, टिकेंद्र बंजारे, विकास तिवारी, चंद्रभान ठाकुर, राजेश धीवर, राजेंद्र पाल, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, नंदकुमार सोनकर, चोवाराम साहू, पवन सोनी, पूरन यादव, कन्हैया देवांगन, शत्रुघ्न चक्रधारी, साधु निषाद, रामनारायण साहू, रतनू साहू, शिव साहू और अन्य शहरवासी मौजूद थे।

### शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के संभागीय अध्यक्ष राम नारायण मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने गरियाबंद के जिला शिक्षा अधिकारी को विभिन्न मांगों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा। श्री मिश्रा ने बताया कि कार्यालय में लंबित शिक्षकों के चिकित्सा क्षतिपूर्ति सामान्य भविष्य निधि खाते से आहरण सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों के ना मांगना जांच प्रकरण तथा सत्रांत तक पुनर्नियुक्ति के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से सार्थक चर्चा हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को सभी लंबीत समस्याओं पर यथाशीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, सचिव आत्माराम साहू, गरियाबंद के जिला अध्यक्ष मुरारीराम देवांगन, राजेंद्र नाग उपस्थित थे।

### मैनपुर थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर थाना में गुरूवार को एसडीएम तुलसीदास मरकाम के उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें इद मिलादुन्नबी पर्व एवं गणेश विसर्जन को लेकर चर्चा किया गया साथ ही सभी लोगो ने आपसी भाईचारा के साथ त्यौहार मनाने की बात कही। इस मौके पर तहसीलदार श्री मेहता, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, मैनपुर सरपंच हनीता नायक, जाकिर रजा, रूपेश साहू, राहुल यादव, कादिर मेमन, अजय बघेल, गोलु मेमन, अजहर मेमन, नरेन्द्र श्रीवास्तव, अमन बाम्बोड़े, मुसा भाई एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## समस्या : हर साल बारिश में कट जाता है संपर्क, जान हंथेली पर रखकर ग्रामीण करते हैं पार

# वर्षा ऋतृ में कैद हो जाता है रवेली गांव सरगी नदी पर पुल निर्माण की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम रवेली के लोगों के लिए बारिश का मौसम हर साल डर और परेशानी लेकर आता है। कारण है सरगी नदी पर बना छोटा पुल, जो नदी तल से महज दो फीट की ऊंचाई पर है। बरसात शुरू होते ही थोड़ी सी बारिश में भी पुल के ऊपर से पानी बहने लगता है और रवेली, भेंडरी, लोहरसी समेत आसपास के कई गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट जाता है।

पर्यटन के लिहाज से यह मार्ग बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी रास्ते से लोग जतमई, घटारानी, झरझरा जैसे मशहूर वॉटरफॉल घूमने पहुंचते हैं। लेकिन पुल के ऊपर से बहते तेज पानी के कारण राहगीरों को कई किलोमीटर लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। ग्राम रवेली की 11 सौ से अधिक आबादी का जीवन यापन आसपास के गांवों और कस्बों पर निर्भर है। राशन, कृषि सामग्री, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए ग्रामीणों को भेंडरी, लोहरसी, कोपरा, पाण्डुका और राजिम जाना पड़ता है। बारिश में पुल डूबने से गांव पूरी तरह अलग-थलग हो जाता है और लोग अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर हो जाते हैं। कई बार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने फिंगेश्वर प्रवास के दौरान इस पुल के निर्माण की घोषणा की थी, लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। हाल ही में हुई भारी बारिश में ग्रामीणों को जान हथेली पर रखकर नदी पार करते देखा गया।





**ये रहे शामिल-** आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, जिनमें लोमस ध्रुव (सरपंच प्रतिनिधि), संत राम ध्रुव, भुनेश्वर ध्रुव, कुलेश्वर राणा, रामनाथ यद्धु, गिरधारी विश्वकर्मा, नारायण ध्रुव, हरिशंकर, नेताराम साहू, प्रेमलाल साहू, खिलेश्वर यादव, निरेश निषाद, कुलेश्वर कश्यप, द्वारिका यद्धु, भुनेश्वरी कश्यप, मनेश कश्यप, लाला कश्यप, रवि कश्यप सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और बच्चे शामिल थे।

### आक्रोशित ग्रामीण उतरे सड़क पर

चार सितंबर को एक बार फिर ग्रामीणों का गुस्सा फूटा और सरगी नदी तट पर भारी संख्या में लोग सड़क पर उतर आए। कुछ देर तक आवागमन बाधित भी रहा। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जनप्रतिनिधि चुनाव के समय वादे कर जाते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद पलटकर नहीं देखते। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि जल्द से जल्द सरगी नदी पर मजबूत पुल का निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि वर्तमान पुल नीचे से पूरी तरह कमजोर हो चुका है, जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

### प्रस्ताव भेजा गया है

इस मामले में जब पीएमजीएसवाय अधिकारी अभिषेक पाटकर से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि ब्रिज का प्रस्ताव भेजा गया है। सौ मीटर पुलिया के लिए जीपीआर कर भेज दिया गया है। मंत्रालय से जैसे ही स्वीकृति मिलेगी काम शुरू हो जाएगा। संभावना है कि 2-3 माह में प्रक्रिया आगे बढ़े, लेकिन निश्चित समय नहीं बता सकता।

# कोटरी नाला सहित 4 जलाशयों की मरम्मत के लिए 22 करोड़ की स्वीकृति, किसानों में खुशी

**मुड़ागांव (कोरासी)।** मुड़ागांव और आसपास के क्षेत्र के किसानों की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई है। विधायक रोहित साहू के प्रयासों से सरकार ने कोटरी नाला जलाशय के जीर्णोद्धार के लिए करीब 22 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से जलाशय के मुख्य कार्यों की मरम्मत, नहरों की रीमॉडलिंग और सीमेंट कांक्रीटीकरण का काम किया जाएगा।

इसके साथ ही, आमानाला जलाशय, देवगांव जलाशय और पीपरछेड़ी जलाशय के लिए भी स्वीकृति दी गई है। इस बड़ी सौगात से परसदा खुर्द, खुडियाडीह, पाटसिवनी, फिंगेश्वरी, अकलवारा, कसेकेरा, मुड़ागांव, नवापारा भाठा, अमलोर, जामली, पिपरहट्टा, और देवगांव सहित दर्जनों गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल पाएगा।



### प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहा

विधायक रोहित साहू ने इस स्वीकृति को सुशासन की सरकार की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित राष्ट्र-2047 के संकल्प के अनुरूप छत्तीसगढ़ में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं, जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय नेता उपस्थित थे, जिनमें हेमंत सिन्हा, पालेन्द्र साहू, पुष्पलता सिन्हा, सुरेश निर्मलकर, गोकुल कुंभकार, मानसिग दीवान, राजकुमार सेन, रूपसिंह साहू, नेत राम साहू, उमेद सिंह दीवान और कई अन्य शामिल थे। इस सौगात से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### किसानों को मिलेगी राहत

अभी तक टेल एरिया के किसानों को सिंचाई के लिए बारिश पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे अक्सर सूखे के कारण उनकी फसलें बर्बाद हो जाती थीं। इन जलाशयों की मरम्मत से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और उनकी खेती को मजबूती मिलेगी। यह खबर सुनते ही क्षेत्र के किसान ढोल-नगाड़ों के साथ विधायक कार्यालय, राजिम पहुंचे और विधायक रोहित साहू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विधायक को गजमाला पहनाई और जसगीत गाकर अपनी खुशी जाहिर की। किसानों ने कहा कि इससे सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी और कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

# संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भैरा की दो छात्रा प्रथम

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शांति कुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम में ग्राम भैरा के पूर्व माध्यमिक शाला के दो छात्राओं का ब्लाक स्तर पर प्रथम स्थान आने पर उसको शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें गायत्री परिवार के कार्यकर्ता नंद कुमार सिन्हा, उमेंद सिंह दीवान, हेमलाल पटेल, प्राचार्य तेजकुमार जाण्डेकर, राम गोपाल दीवान, राजेश साहू, देवेन्द्र कुमार साहू सहित समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कुमारी याचना दीवान कक्षा 8वीं एवं कुमारी रेणुका यदू कक्षा 7वीं का पूर्व माध्यमिक शाला भैरा में सम्मान किया गया साथ ही ग्राम पिपरहट्टा, जामली, गायडबरी, तालेसर के छात्र-छात्राओं को भी ब्लाक स्तर पर शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## बेलर में गणेशोत्सव

छुईहा बेलर। ग्राम बेलर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में गणेशोत्सव पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। गांव के अलग-अलग पंडालों में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमाओं के दर्शन और पूजन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। जनपद सदस्य टायल साहू, जिला सचिव संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू और रवी साहू सहित कई अन्य लोग इस आयोजन में शामिल हो रहे हैं। सुबह-शाम होने वाली आरती के समय भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इस उत्सव में महिलाएं, पुरुष, और बच्चे सभी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या का भी आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय युवाओं ने पंडालों को बहुत ही खूबसूरती से सजाया है, जबकि भक्तगण आरती में शामिल होकर सुख-समृद्धि और मंगल कामना की प्रार्थना कर रहे हैं।



## कोमा-पिपरछेड़ी सड़क का भूमिपूजन, 4.42 करोड़ की लागत से बनेगा पक्का मार्ग

# विकास की पहली सीढ़ी है सड़क : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधायक रोहित साहू ने अपने निज ग्राम पीपरछेड़ी सहित आसपास के ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी है। राजिम-महासमुंद स्टेट हाइवे स्थित ग्राम कोमा से पिपरछेड़ी तक पक्की व चौड़ीकरण की पुरानी मांग भी अब विधायक के प्रयास से पूर्ण हो गई है। आगामी दिनों में यह मार्ग आवागमन को सुलभता प्रदान करेगी साथ ही ग्राम पिपरछेड़ी को स्टेट हाइवे से जोड़ेगी। 4 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क निर्माण कार्य का विधायक श्री साहू ने गुरूवार को ग्राम पिपरछेड़ी में भूमिपूजन किया। इस दौरान राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू,सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, खुटेरी सरपंच बेनीशंकर साहू ,भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में सड़कों को गांव के विकास की सीढ़ी बताया। कहा कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के विकास के मार्ग खुलेंगे। मेरी जन्मस्थली का ऋण जो मुझ पर है उस ऋण और आप सभी के आशीर्वाद से कभी उऋण नहीं हो सकता। इस सड़क के लिए विगत कई वर्षों से मांग की जा रही थी। मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल इस सड़क निर्माण में थोड़ा विलंब जरूर हुआ लेकिन आज मुझे इस भूमिपूजन के साथ हर्ष एवं संतोष है कि नई व चौड़ी सड़क अब भाजपा की सरकार में बनने जा रही है।



### *बेहतर कनेक्टिविटी का मिलेगा लाभ*

*इस सड़क के निर्माण के साथ क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों, छात्र-छात्राओं समेत सर्वजन को आवागमन की बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और मजबूत आधारभूत संरचना तैयार करना हमारी पहली प्राथमिकता में शामिल है।*

